INDIAN SCHOOL SOHAR SET 1
FORMATIVE ASSESSMENT 4
CLASS- VIII

Subject: Hindi **Time: 45 Minutes**
Date: 29-01-2014 **Marks: 25**

सामान्य निर्देश : (1) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले क्रमांक अवश्य लिखिए।
(2) कार्य स्वच्छता से कीजिए।
(3) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्रश्न (1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए। 5

आदर्श विद्यार्थी वही कहा जा सकता है जिसमें सबसे पहला गुण विनम्रता हो। अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा का भाव तथा निरंतर ज्ञान-प्राप्ति की जिज्ञासा हो। यह विद्यार्थी जीवन की पहली सीढ़ी है। महर्षि दयानंद जी ने स्वामी विरजानंद जी के कठोर व्यवहार को श्रद्धा तथा विनम्रता से सिर झुकाकर सहन किया और गुरु से ज्ञान प्राप्त करने में सफल रहे। अनुशासनप्रिय छात्र का जीवन नियमित होता है। अनुशासित जीवन भविष्य के लिए भी हितकर होता है। परिश्रमी होना विद्यार्थी जीवन का सबसे बड़ा आभूषण है। एकाग्र भाव से,तन्मयतापूर्ण समर्पण के साथ अध्ययन करना उसका प्रमुख धर्म होता है।

(क) आदर्श विद्यार्थी में क्या गुण होने चाहिए ?
(ख) नियमित , अनुशासित - इन शब्दों के मूल शब्द ,प्रत्यय अलग कीजिए।
(ग) महर्षि दयानंद जी ज्ञान प्राप्त करने में कैसे सफल रहे ?
(घ) विद्यार्थी जीवन का सबसे बड़ा आभूषण क्या है ?
(ङ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न (2) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन बनाइए। 1
आशा , शिक्षक

प्रश्न (3) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइए। 1
बाँसुरी , मानव

प्रश्न (4) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए। 1

(i) कोई आदमी को बुलाओ।

(ii) उसका प्राण निकल गया।

प्रश्न (5) निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिए । 1

(i) सांसदों ने सहयोग का वचन दिया है।

(ii) समारोह के अंत में छात्रों ने राष्ट्रगान गाया।

प्रश्न (6) निम्नलिखित लोकोक्तियों को पूरा कीजिए। 1

(i) काला -------------------------------

(ii) मान -------------------------------

प्रश्न (7) निम्नलिखित वाक्यों के अलंकार भेद बताइए। 2

(i) चारु चंद्र की चंचल किरणें खेल रही जल- थल में।

(ii) हाय फूल-सी कोमल बच्ची ,हुई राख की ढ़ेरी।

प्रश्न (8) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। 2

गरिमा , अनुभूति होना , अर्धवृत्त , इच्छाशक्ति

प्रश्न (9) निम्नलिखित वाक्यों को उचित मुहावरों से पूरा कीजिए। 2

(i) हमारी सेना ने युद्ध में पाकिस्तानी सेना के ------------------- ।

(ii) सुधि खेलने नहीं जाएगी वह तो ---------------------------- ।

प्रश्न (10) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 9

(1) शोषित,वंचित वर्ग से क्या तात्पर्य है,मीरा जी इनकी दशा में सुधार के लिए क्या करना चाहती हैं ?

(2) अश्रुरहित रोने से कवयित्री का क्या आशय है ?

(3) अपने किन गुणों के कारण प्रीति को सफलता मिली ?

(4) भविष्य में प्रीति क्या करना चाहती है ?